## सार्वजनिक दुर्गा मंडा निर्माण को लेकर मोक्तमा में हुई बैठक

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मंगुरा में सार्वजनिक दुर्गा मंडा निर्माण समिति की बैठक मोक्तमा शिव मंदिर प्रांगण में हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद मेहता जबकि संचालन सचिव महेश कुमार मेहता ने किया। बैठक में तय हुवा की आगामी 28 जनवरी को मंगुरा, मोक्तमा, करियातपुर, फुरुका, जमुआरी और निचली जमुआरी के सौजन्य से सार्वजनिक दुर्गा मंडा का निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जाना है। इस पर विशेष चर्चा की गई और मन्दिर का निर्माण कार्य में आर्थिक अवरोध न हो इसके लिए संकल्पित राशि को जमा करने पर जोर दिया गया। बैठक में रामलखन मेहता, सुनिल मेहता, रामशरण शर्मा, बीरेंद्र शर्मा, बुधन साव, बद्री मेहता, संजय मेहता, केवल मेहता, शिव कुमार मेहता, छोटन महतो, तुलसी राम, बलदेव महतो, अरुण साव, कुकदीप राम, जयनारायण मेहता, ओमप्रकाश मेहता, गिरधारी महतो, सूरज प्रसाद सोनी, धनेशर सोनी, सुबोध कुमार मेहता, अशोक राम, अर्जुन महतो, बनवारी राम समेत कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम राष्ट्रहित में: शैलेंद्र यादव

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कटकम सांडी प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तहत पेलावल से रोमी होते छड़वा पहुंची और पुनः वापस रोमी में भारत जोड़ो यात्रा सभा में तब्दील हो गई। इस दौरान नफरत छोड़ो भारत जोड़ो तथा वाह रे मोदी तेरा खेल 200 रूपये सरसो तेल के जोरदार नारे लगाये गये। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति ने किया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 3,750 किलोमीटर की लंबी राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम जारी है जो पुरी तरह से राष्ट्र हित में है। उसी तर्ज पर झारखंड प्रदेश के सभी 24 जिलों में प्रखंड, पंचायत से बूथ स्तर तक जारी रहेगा। सदर विधान सभा कार्यक्रम के प्रभारी डॉ आरसी मेहता ने केंद्र में मोदी सरकार का विरोध करते हुए कहा कि जब से मोदी सरकार आयी है तब से मंहगाई चरम पर है। रसोई गैस सिलेंडर का मुल्य 400 रूपए से बढ़कर 1200 रूपये हो गए हैं और पेट्रोल डीजल का मुल्य 100 रूपये पार कर गई है। उसी तरह खाद्य सामग्री का मुल्य आसमान छू रही है। आम जनता को इस भीषण मंहगाई ने तो कमर ही तोड़ डाली है। पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि देश में दिनों दिन बेरोजगारी का ग्राफ बढ़ रहा है मोदी सरकार चुनाव के पूर्व कहा था कि साल में दो करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे पर कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क है रोजगार देने के बजाय रोजगार छिना जा रहा है। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम के प्रभारी विरेंद्र कुमार सिंह, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव, महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्षा सह मुखिया कुमारी बाखला ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन इंटक नेता साजिद अली खान व धन्यवाद ज्ञापन जिला मीडिया प्रभारी निसार खान ने किया। मौके पर गुड्डू सिंह बाबर अंसारी, मनोज मोदी, माशूक अंसारी, मो. रब्बानी, मंसुर आलम, तारिक रजा, मकसूद आलम, असगरी अंजूम, ओमप्रकाश झा, जावेद इकबाल, दिलीप कुमार रवि, सुनिल कुमार ओझा, रंजीत यादव, राम अनुज सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, शिव नंदन साहू, तसलीम अंसारी, विश्वास पासवान, बब्लू कुशवाहा समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क का विधायक मनीष ने किया शिलान्यास



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कटकमदाग के बेस पंचायत अंतर्गत मरहंद बोकारो नदी से कुंडीलबागी चौक तक सड़क का शिलान्यास विधायक मनीष जयसवाल ने किया। नोमनेस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कुल 60 लाख रूपये की लागत से 2.4 किलोमीटर तक की सड़क बनाया जा रहा है। इस सड़क के बनने से हारम, बेस, मरहद के लोगों को आने जाने में सुविधा होगी तथा हो रही परेशानियों का सामना अब नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष तुलसी प्रसाद कुशवाहा, महामंत्री अरुण कुमार राणा, मुखिया दीपक यादव, भूतपूर्व मुखिया कोलेश्वर महतो, जगन्नाथ साव, राजेंद्र यादव, प्रवीण कुमार, उमेश कुमार, मुकेश राणा, चंदन कुमार राणा, हरिहर महतो, धनेश्वर महतो, नरसिंह ऊराव, महेंद्र साव आदि उपस्थित थे।

## मुखिया का निधन, शव यात्रा में सैकड़ों लोग हुए शामिल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** लरियाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया भीम सिंह का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे जिनका इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा था। उनके निधन से पंचायत के लोगों का आना-जाना का ताता लगा रहा। रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम स्थित अकतो नदी लरियाडीह में दाह संस्कार किया गया जहां अग्निमुख छोटे पुत्र विनोद सिंह ने किया। स्वर्गीय भीम सिंह अपने पीछे 3 पुत्र 12 पुत्री एवं भरा पूरा परिवार छोड़कर चल बसे। शव यात्रा में सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक भी शामिल हुए। स्व भीम सिंह छोटी-छोटी घटनाओं को अपने अस्तर से पंचायत बुलाकर सुलझाने का काम किया करते थे। पंचायत के दौरान रामायण और महाभारत का उदाहरण देते थे। इनको रामायण महाभारत का अच्छा ज्ञान था। इनके शव यात्रा में कोडरमा के पूर्व उप प्रमुख विजय कुमार सिंह, किशुन पंडित, काशी पंडित, गुलशन शर्मा, शैलेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता पवन सिंह, लखन सिंह, प्रकाश यादव, भोला सिंह, जगलाल यादव, दिलीप सिंह, मनोज सिंह, बालकिशन ठाकुर, सहदेव यादव, नारायण साहू, मनोज सिंह, किशोर यादव, अंबिका सिंह, दीपू सिंह, पंचायत समिति सदस्य दिनेश यादव, शैलेंद्र सिंह, छोटू सिंह आदि ने भाग लिया।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट की मेजबानी कोडरमा के लिए गौरव की बात: एसपी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच कोडरमा में जमशेदपुर और कोडरमा के बीच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में खेला गया। मैच का उद्घाटन कोडरमा के एसपी कुमार गौरव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बल्लेबाजी कर किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि राज्य स्तरीय टूर्नामेंट की मेजबानी मिलना कोडरमा क्रिकेट के लिए गौरव की बात है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी खिलाड़ी ऐसे मंच पर अपनी प्रतिभा को दिखाते हैं, जिससे उन्हें ऊंचा उठने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए हर संभव सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर मैच ऑब्जर्वर और पूर्व रणजी खिलाड़ी शब्बीर हुसैन ने कहीं कि कोडरमा जैसे छोटे जिले में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है। यही कारण है कि सीमित संसाधन के बावजूद यहां के खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो रहे हैं। टूर्नामेंट के शुरुआत में एसपी कोडरमा कुमार गौरव, रणजी खिलाड़ी शब्बीर हुसैन, केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सचिव दिनेश सिंह, जेएससीए के आजीवन सदस्य विवेकानंद चौधरी, डॉ उपेंद्र भदानी और सुनील जैन में नारियल फोड़कर नये बने टर्फ पीच की पूजा कर शुभारंभ की। मंच संचालन विनोद विश्वकर्मा और पवन सिंह ने की। मौके पर केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सचिव दिनेश सिंह, डॉ उपेंद्र भदानी, अनिल सिंह, विवेकानंद चौधरी, मनोज सहाय पिंकू, सुनील जैन, धर्मेंद्र सिंह, बंटी सिन्हा, विशाल सिंह, अशरफ अली सिद्दीकी, सुधीर कुमार बाजपेई, इदरीश खान, अशोक कुमार यादव, उमेश सिंह, सुमन कुमार, ओम प्रकाश, तहसीन हुसैन, सुरेंद्र प्रसाद, विशाल सूद, बिट्टू अमित कुमार, दीपक यादव, कुंदन राणा, रवि यादव, तौफीक हुसैन शामिल थे।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की यह तीसरी घटना

# छात्रा का लटका मिला शव, हत्या का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम होरम स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 10वीं की छात्रा निशा कुमारी (उम्र 16 वर्ष) का हॉस्टल के शयन कच्छ में में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ शव मिला। इस शयन कक्ष में साथ में 10 छात्रायें सोती थी। यह घटना रविवार की अहले सुबह की है। यह छात्रा बादम निवासी छोटूराम की दूसरी पुत्री है। वह यहां छठी क्लास में नामांकन करवाई थी। वर्तमान में दसवीं क्लास में पढ़ रही थी। मृतक के पिता ने थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया गया है कि उसकी पुत्री का दुष्कर्म कर हत्या करके दुपट्टे से बांधकर फांसी में लटका दिया गया है। घटना की सूचना पाकर अंचल अधिकारी अमित किसको, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पहुंच कर घटना का जायजा लिया। जिला शिक्षा अधीक्षक उपेंद्र नारायण ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय की वार्डन लीलावती कुमारी 17 दिसंबर से लेकर 22 दिसंबर तक के लिए आकस्मिक अवकाश में थी। वार्डन अपना प्रभार सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका किरण कुमारी को सौंपी थी। वही प्रभारी वार्डन किरण कुमारी ने बताया कि 10-15 दिन पहले मेरा जॉइनिंग कस्तूरबा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हुआ था। 17 दिसंबर को शाम में वार्डन लीलावती कुमारी स्कूल आई और मुझे प्रभार दी थी। मैं दूसरे तल्ले में रहती थी। वहीं लड़की तीसरे तले में रहती थी। उसी तल्ले में दो सुरक्षा महिला गार्ड भी रहती थी। की जानकारी मुझे 5:30 बजे सुबह मिली। इधर घटना के बाद अभिभावकों एवं ग्रामीणों की भीड़ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जमी थी।





### वार्डन और शिक्षिका निलंबित

इधर घटना की जानकारी प्राप्त करने के बाद जिला शिक्षा पदधिकारी उपेंद्र नारायण ने लापरवाही के मामले में वार्डन लीलावती कुमारी एवं सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका किरण कुमारी को निलंबित कर दिया गया। इसके जगह शिक्षिका निशी रानी को वार्डन का प्रभार दिया गया।

### हत्या का लगाया आरोप

मृतिका के पिता छोटू राम, माता बबली देवी समेत अन्य परिजनों ने आरोप लगाया है कि मेरी पुत्री की यह मौत आत्महत्या का मामला नहीं है। बल्कि इसे हत्या कर लाश को फांसी पर लटका दिया गया है।

### सीबीआइसी जांच की मांग

बादम के मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास ने इस घटना को सीबीआई या उच्च स्तरीय टीम से जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यहां मौत की तीसरी घटना है। आखिर इस विद्यालय में इस तरह मौत की घटना क्यों घट रही है? इस बात की सच्चाई सामने आनी चाहिए। यहां पर छात्राओं को क्या-क्या व्यवस्था मिलती है? यह भी सच्चाई सामने आनी चाहिए। मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास ने ने भी पूर्ण रूप से सुरक्षा की मांग की है। इधर छात्रा के पिता व अन्य परिजनों का यह भी कहना है कि जिस परिस्थिति में उसे फांसी पर लटका हुआ मिला है उस परिस्थिति के अनुसार नहीं लगता है कि वह अपने से फांसी लगायी होगी। उसके पिता ने यह भी कहा कि मेरी पुत्री जिस कमरे में फांसी लगायी है, उस कमरे में 10 लड़कियां साथ में सोती थी। सवाल उठता है कि फांसी लगाने के दौरान उन 10 लड़कियों की जानकारी क्यों नहीं हुई? अगर जानकारी मिलती तो उन लोग ही बचाने का प्रयास क्यो नही की? समाचार लिखे जाने तक मृतक के पिता द्वारा थाने में मामला दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया जा चुका है।

**निशा को झारखंड खेलो में भाग लेने के लिए रांची जाना था:** मृतिका के पिता ने बताया कि मेरी पुत्री निशा कुमारी को झारखंड खेल प्रतियोगिता के तहत सोमवार को रांची में फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जाना था। इसकी तैयारी वह कर रही थी। तैयारी करने वाली छात्रा आखिर अचानक फांसी क्यों लगायेगी ?

### जानकारी स्कूल परिवार ने नहीं दी

मृतिका की माता बबली देवी ने बताया कि घटना की जानकारी मुझे स्कूल परिवार द्वारा नहीं दिया गया। बल्कि किसी दूसरे के माध्यम से 6:30 बजे सुबह जानकारी दिया गया, आखिर ऐसा क्यों ?

### मौत की यह तीसरी घटना

ज्ञात हो कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मौत का यह तीसरी घटना है। 2017 में गोंदलपुरा के ग्राम कौशी निवासी शंकर महतो की पुत्री गीता हमारी भी कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ती थी, वह भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। दूसरी घटना सुरक्षा गार्ड मोहम्मद फारुख की भी मौत 3 वर्ष पहले हुई थी। तीसरी घटना निशा कुमारी की मौत 18 दिसंबर को हुई।

### कस्तूरबा के छात्रायें 1:30 बजे तक रही भूखी

घटना के बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 399 छात्रायें काफी डरी सहमी हुई थी। उन्हें 1:30 बजे तक भोजन नहीं मिला था। शव को हटाने के बाद उन्हें भोजन दिया गया।

### दुबई में लगभग दो महीने से लापता है हजारीबाग के मजदूर

# परिजनों ने सरकार से लगायी मदद की गुहार

बंटी मिश्र

**विष्णुगढ़।** रोजगार की तलाश में गये हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मडमो गांव का प्रवासी मजदूर विनोद महतो पिछले लगभग दो महीने से दुबई से लापता हैं। दुबई में विनोद महतो के साथ में कार्य करनेवाले मजदूरों ने बताया हैं कि विनोद महतो को वीजा अवधि और इकामा समाप्त होने की सजा मिली होगी। लेकिन परिवार वाले लोगो से बात नही होने पर परिवार वाले काफी चिंतित और परेशान हैं। इस मामले में परिजनों ने जनप्रिनिधियो एवं सरकार से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन किसी प्रकार की सार्थक पहल नही हो पायी हैं। सिर्फ आश्वाशन मिल रही हैं कि बहुत जल्द वापसी होगी।



### परिवार वालों का सब्र का बांध टूटने लगा हैं

अब परिवार वालों का सब्र का बांध टूटने लगा हैं। बताते चले कि विनोद कुमार महतो पिछले 1 नवंबर 2022 की शाम को जब काम करके लौट रहा था। तभी उनकी बात परिवार के लोगों से हुई थी। तब से उनका मोबाइल बंद है। ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि विनोद कुमार महतो की वीजा एवं इकामा की अवधि फरवरी 2022 को समाप्त हो चुकी थी। जिस कारण दुबई पुलिस के अधिकारियों ने वीजा एवं इकामा अवधि खत्म होने के कारण उन्हें जेल भेज दिया होगा। इधर, प्रवासी मजदूरों के बतौर सहायतार्थ काम करने वाले सिकंदर अली ने कहा कि यह पहला मौका नहीं है, जब दलालों के चक्कर में पड़ कर गरीब तबके के लोग विदेशों में फंस जाते हैं। ऐसे में सरकार को ठोस कदम उठाये जाने की जरूरत हैं।

## पुलिस अधिकारियों के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सअनि से पुअनि में पदोन्नति के लिए आरक्षी को थाम, चंदवारा प्रखंड में एक सप्ताह का कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण अवधि में कंप्यूटर बेसिक के अलावा साइबर फ्रॉड, साइबर सिक्यूरिटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी। विदित है कि नवाचार गतिविधि के तहत जिला प्रशासन, कोडरमा द्वारा कंप्यूटर बेदिक ट्रेनिंग कार्यक्रम की शुरूआत किया गया है। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ-साथ, प्रतियोगिता परीक्षा के तैयारी करने वाले अभ्यर्थी, सेविका, सहायिका, सहिया दीदी, स्वयं सहायता के सखी दीदी इत्यादि को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे वे अपना कार्य सुचारू रूप से कर सके।

# सांसद और विधायक ने किया दो विकास योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने रविवार को टाटीझरिया में दो विकास योजनाओं का शिलान्यास संयुक्त रूप से किया। इसमें एनएच-100 से खंभवा सड़क मरम्मति और उत्क्रमित मध्य विद्यालय मूरकी में सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। हर गांव तक अच्छी सड़कें हो बच्चों की पढाई में संसाधन की कमी बाधा नहीं बने इसके लिए वह प्रयत्नशील हैं। कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार द्वारा क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहा है। विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि जर्जर सड़क मरम्मति की मांग ग्रामीण कई सालों से कर रहे थे। यहां के लोगों को अब कीचड़ और जर्जर सड़क से छुटकारा मिल जायेगा। इस दौरान सांसद एवं विधायक ने मूरकी में बुजूर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। टाटीझरिया-डहरभंगा के ग्रामीणों ने क्षेत्र में बालू घाट नहीं रहने और ट्रैक्टर संचालकों पर अधिकारियों द्वारा जहां-तहां पकड कर प्रशासनिक कार्यवाई किये जाने की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए ज्ञापन दिया। बेडम मुखिया सुमित्रा कुमारी ने मंगरपट्टा से चोंचा तक सड़क बनाने और गांव में पेयजल की समस्या से अवगत कराया। सांसद और विधायक ने ग्रामीणों के समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।



### इनकी रही मौजूदगी

मौके पर जिप सदस्य रामप्रसाद, प्रमुख संतोष मंडल, सांसद प्रतिनिधि विपिन सिन्हा, मिथिलेश पाठक, कैलाशपति सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, अरूण कुमार सिंह, अमरेश सिंह, रवींद्र यादव, परमेश्वर प्रसाद यादव, राजेश यादव, अजय सिंह, अनिल प्रसाद, उपेंद्र पांडेय, श्यामसुंदर सिंह, प्रमोद सिन्हा, सुनिल साव, चंद्रदेव यादव, रजनीकांत चौधरी, बजरंगी साव, रीतलाल महतो, सहदेव यादव, महेश अग्रवाल, अर्जुन राणा, रोहित पटेल, बोधी महतो, अधीरचंद्र तिवारी, जीवलाल साव, गौतम कुशवाहा, ब्रजनंदन पाठक, कौलेश्वर मिश्रा, सुरेंद्र प्रसाद, विजय पांडेय, चोलो प्रजापति, गौतम सिंह, छोटन साव, हीरा यादव, किशोर साव, रामाशीष साव, मनोज कुमार, बिरेंद्र यादव, सुमन साव, कुंदन सिंह, सुरेंद्र साव, संदीप सिंह एवं अन्य शामिल थे।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।


## एनटीपीसी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के द्वारा भीषण ठंड को देखते हुए परियोजना प्रभावित कराली पंचायत में करीब 100 जरूरतमंद लोगों के बिच कंबल का वितरण रविवार को किया गया। अहले सुबह से ही कंबल वितरण को लेकर कराली मीडिल स्कूल के मैदान में जरूरतमंदों की भीड़ लगने लगी थी। वितरण के अवसर पर पंचायत के मुखिया अशोक राम ने कहा एनटीपीसी जरूरतमंदों के बीच इस शीतलहरी में कंबल देकर पुण्य का कार्य किया है। केरेडरी परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब के मार्गदर्शन में एनटीपीसी की नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत यह कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया था। श्री तैय्यब बताते है कि जरुरतमंदों की सहायता से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं होता है और उन्होने यह भी बताया कि ऐसे शीत मौसम में कांप रहे गरीबों में कंबल बांटने के साथ-साथ एनटीपीसी के निःशुल्क चिकित्सा शिविर को भी सुचारू रूप से जारी रखा जायेगा। मौके पर मुखिया अशोक राम, वार्ड सदस्य पवन राम, विकास वर्मा समेत गेंदों वर्मा, शंभु भुइयां, पियासो देवी, पूनम वर्मा, स्मिता वर्मा, केरेडारी परियोजना के अपर महाप्रबंधक एसपी गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक आशीष कुल्लु सहित कई लोग मौजूद थे।

## विलेज मोबलाइजर की बैठक में पहुंचे इंटक प्रदेश महासचिव सुमित कुमार, किया स्वागत

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोनबरसा नर्सरी के पास मैदान में पंकज कुमार की अध्यक्षता में पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के तहत एमडीओ त्रिवेणी-सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के अधीनस्थ कार्यरत भिलेज मोबलाइजर की बैठक संपन्न हुआ। जिसका संचालन दिनेश कुमार उर्फ गुड्डू रवि ने किया। बैठक में इंटक प्रदेश महासचिव सुमित कुमार उर्फ अंकित राज पहुंचे जिसें उपस्थित मोबलाइजरों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। साथ ही भिलेज-मोबलाइजरों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिसपर पर उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं को लेकर कंपनी से बात कर समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। जिसमें सर्वसम्मति से मुख्य रूप से सभी भिलेज मोबलाइजरों को त्रिवेणी-सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड स्थायी रुप से नौकरी दिये जाने, सभी मोबलाजरों को दिसंबर माह तक बकाया राशि एकमुश्त देने, मोबलाइजरों का 50% भुगतान किया जा रहा है उसे पुरा (100% ) भुगतान करने, कुछ भिलेज मोबलाइजर को पेमेंट बंद किया गया है उसे पुनः चालू करने, का मांग का निर्णय लिया गया। मौके पर पदूम साव,कुलेश्वर राम, मोहम्मद साबिर, शमीम अहमद, प्रमेश्वर कुमार गुप्ता, रोहित कुमार, संजय राम, आलोक कुमार, मोहम्मद मुख्तार, कासिम सफीउल्लाह अंसारी, भीखाराम, खेमलाल महतो, कोमलचंद साव, संतोष कुमार सहित सैकड़ों विलेज मोबलाइजर उपस्थित थे।

## विधायक ने किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव तथा जिला परिषद सदस्य सविता सिंह ने फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर सुदन धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। साथ में प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, उप प्रमुख शमशेर आलम, वासुदेव यादव, रामजीत रजत आदि विशेष रूप से मौजूद थे। मंच का संचालन किशोर मोदी ने किया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि धान क्रय केंद्र में ही किसान अपना धान बेचे उनको 2050 प्रति क्विंटल पैसा मिलेगा। साथ ही किसानों को बिचौलियों से बचने को कहा। जिला परिषद सदस्य सविता सिंह ने अपने संबोधन में किसानों को अपना धान औने पौने दाम पर बेचने से बचने को कहा। उन्होंने कहा सरकारी कार्य देर से होता है पर दुरुस्त होता है और किसान समय का इंतजार नहीं करते जिसके कारण किसान को उचित दाम नहीं मिलता है। पैक्स अध्यक्ष पवन कुमार तथा प्रबंधक पवन मोदी ने सभी नये किसानों को उपार्जन ऐप पर खुद रजिस्ट्रेशन कराने को कहा। उसके बाद अपना धान, धान क्रय केंद्र में बेचने को कहा। मौके पर पूर्व मुखिया प्रयाग मोदी, नंदलाल पांडेय, रमेश पंडित, धनेश्वर पंडित, नारायण दास, मोहसीन कमाल, कुंदन मोदी, रोहित कुमार, बाबू लाल यादव, अमित चौधरी आदि उपस्थित थे।

## राहुल गांधी देश के आवाम को एक डोर में जोड़ रहे हैं : डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राहुल गांधी कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हिंदुस्तान के लोगों के दिलो को जोड़ने का काम कर रहे हैं, क्योंकि आज हिंदुस्तानी आवाम, किसान, मजदूर, गरीब बेबस है देश के जीडीपी घटते जा रहा है। वही हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकारी उपक्रमों को निजीकरण करते हुए कारपोरेट के हाथों बेच रहे हैं। देश के पीएम देश के ऊपर अग्निवीर, नोटबंदी, जीएसटी, इको सेंसेटिव जोन, निजीकरण, कृषि बिल जैसे अनेकों जन विरोधी बिल देश को थोप चुके हैं। बचा खुचा थोपने के लिए तैयार है, जिससे देश के किसान, नौजवान, बेरोजगार, मध्यम व्यापारी, नौकरी पेसे वाले लोग सर्वहारा हो रहे है। यह बातें हजारीबाग विधानसभा के भारत जोड़ो यात्रा प्रभारी सह पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने कही। डॉ मेहता ने कहा की राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के द्वारा देश में सबसे लंबी जन चेतना यात्रा करके पूरे विश्व के समक्ष बता दिया कि वे वेवाकी से अन्याय के खिलाफ लड़ने का जज्बा रखते हैं।

## राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ की बैठक संपन्न

**चरही (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ का बैठक दीक्षित ग्रैंड बैंकट हॉल हजारीबाग में किया गया। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय महासचिव विक्की कुमार धान ने किया। जिसका संचालन केंद्रीय उपाध्यक्ष आनंद मरांडी ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ केंद्रीय अध्यक्ष संगम उरांव जी उपस्थित हुए। संगम उरांव ने कहा अपने हक और अधिकारों के लिए आदिवासी एकता बनाए रखने की जरूरत है। हेमंत सरकार नियोजन एवं स्थानीय नीति बेहतर ढंग से बनाए ताकि झारखंड के युवाओं को दर-दर की ठोकरें खाने का नौबत ना आये। इस बैठक में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ हजारीबाग जिला कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष अर्जुन केरकेट्टा ,कार्यसमिति अध्यक्ष अनिल तिर्की, महासचिव विक्की करमाली, सचिव मनीष मिंज, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोशन कुमार टोप्पो, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल वांडो उपाध्यक्ष सदानंद इक्का सचिव खुशबू टोप्पो, मार्खम कॉलेज समिति के अध्यक्ष मनीष उरांव, उपाध्याय संदीप मिंज, सचिव संदीप कुजूर, महासचिव रिंकू एक्का, कोषाध्यक्ष जॉनसन बाड़ा, मीडिया प्रभारी संजीत टोप्पो, संत कोलंबस महाविद्यालय के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुणाल हंसदा, उपाध्यक्ष रविंद्र टूडू , महासचिव अजय कुमार मुरमू ,सचिव पंकज भोक्ता विकी कुमार धवन ने कहा कि जो भी नवनिर्वाचित हुए हैं। वह युवा साथियों से संगठन में रखते हुए कार्य करेंगे और राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ को आगे लेकर जायेंगे। मुख्य रूप से उपस्थित डीएसपीएमयू अध्यक्ष आशमित मन तिर्की, केंद्रीय सदस्य किशुन बेसरा, केंद्रीय सचिव संदीप उरांव, रविंद्र टूडू, नीतू उरांव कच्छप, उषा लिंडा इत्यादि लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in
05

## ट्रेलर और ट्रक में टक्कर, युवक की मौत

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग के भारत पेट्रोल पंप के समीप मध्य रात्रि को सड़क दुर्घटना में सरला खुर्द निवासी महेश महतो 28 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक तुलसी महतो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में कर लिया। वहीं घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया गया कि महेश महतो , पिता धनंजय महतो अपने साढ़ू तुलसी महतो उम्र 40वर्ष पिता कजरु महतो रांची जिला के कुच्चू कमती निवासी के टेकर में बैठकर थाना क्षेत्र के कुसुमडीह गांव दोनों अपने ससुराल गये हुए थे। जिसके बाद रात को महेश अपने साढ़ू को लेकर अपने घर सरला खुर्द जा रहा था। इस बीच उक्त स्थल पर अज्ञात टेलर वाहन ने टेकर को चपेट में ले लिया। जिससे महेश की मौत मौके पर ही हो गई। वहीं उसका साढ़ू तुलसी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक अपने पिछे पत्नी सहित दो छोटे छोटे बच्चे को छोड़ गया है। युवक का अंतिम संस्कार गोमती नदी तट पर किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच भोजन और वस्त्र का किया वितरण




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा मंच के तत्वावधान में प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को भी दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दातुन-बतल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान बलकुदरा निवासी स्व. रामचरण प्रसाद के श्राद्धकर्म को ले उनके परिजनों द्वारा करीब 100 गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों के बीच भोजन एवं वस्त्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. रामचरण प्रसाद के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। ज्ञात हो कि बलकुदरा निवासी रामचरण प्रसाद की मृत्यु विगत दिनों में हो गई थी। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके बाद उनके परिजन रोहित कुमार, मनोज कुमार, महावीर प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, मुकेश प्रसाद, संजय प्रसाद, अशोक प्रसाद, नवीन प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद द्वारा गरीबों को भोजन कराया गया। साथ ही वस्त्र का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, भाजपा नेता अशोक साव, संतोष साव, लाखन राम, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

## खेल में हार जीत लगी रहती है: सोनाराम मांझी

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** न्यू बरटोला फूटबॉल मैदान में रविवार को तीन दिवसीय फूटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन। पहला सेमीफाइनल मैच सरना संगम स्पोर्टींग क्लब भुरकुंडा बनाम पचंडा के बीच खेला गया जिसमें सरना संगम स्पोर्टिंग क्लब भुरकुंडा ने खेल के दौरान ही 1-0 से पचंडा की टीम को पराजित किया। वही दूसरी सेमीफाइनल मैच ऑल्ड इलेवन बनाम एम.डी क्लब जोजो टोला के बीच खेला गया। जिसमें ऑल्ड इलेवन ने खेल में ही 3-0 से एमडी क्लब जोजो टोला को पराजित किया। जिसमें फाइनल मैच ऑल्ड इलेवन बनाम सरना संगम स्पोर्टींग क्लब भुरकुंडा के बीच खेला गया। जिसमें ऑल्ड इलेवन ने खेल का दौरान ही 2-0 से सरना संगम स्पोर्टिंग क्लब भुरकुंडा को पराजित कर फाइनल में जगह बना लिया। तीन दिवसीय फूटबॉल टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन में मुख्य अतिथि सयाल डी कोलियरी कर्मचारी शाखा सहयोग समिति नव निर्वाचित सचिव सह रैयत विस्थापित मोर्चा केंद्रीय कार्यवाहक कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी, विशिष्ट अतिथि रैविमो सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्रिय अध्यक्ष सह पूर्व उप मुखिया सूरज बेसरा, पंचायत पोटंगा उप मुखिया रविंद्र सोरेन,पंसस सदस्य बभनी देवी, विस्थापित नेता बिनोद हेंब्रोम, ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। इस मौके पर सन्नी सोरेन, दिनेश्वर सोरेन, त्रिलोक सोरेन, लेचा मॉझी,योंगा किस्कू, सहदेव मॉझी,चमेश लाल सोरेन,तलमी देवी,हिरामनी देवी, चॉदमुनी देवी, सरिता देवी,रंधनी देवी उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि सोनाराम मांझी एवं विशिष्ट अतिथि सूरज बेसरा ने फूटबॉल को किक मार कर मैच का शुभारंभ किया। प्रथम पुरस्कार-बड़ा खस्सी एवं बड़ा कप ऑल्ड इलेवन द्वितीय पुरस्कार छोटा खस्सी एंव छोटा कप सरना संगम स्पोर्टींग क्लब भुरकुंडा को दिया गया। वही दस-दस किलो मुर्गा तृतीय पुरस्कार एवं चतुर्थ पुरस्कार के एम.डी क्लब जोजो टोला व पचंडा के टीम भागीदार बने । मौके पर सुखराम बेसरा, दिनेश टुडू, पंकज हेम्ब्रोम, विजय सोरेन, अजय बेसरा, प्रेम सोरेन, अजय मरांडी, बन्शीलाल मुर्मू, पप्पु लाल मॉझी, दिलीप बेसरा,राजू हेम्ब्रोम, महेश बेसरा तिलेश्वर टुडू,तलू सोरेन उपस्थित हुए। टुनार्मेन्ट को सफल बनाने में अध्यक्ष बाजो मांझी, सचिव अनिल मॉझी,सह सचिव सिकेन्द्र सोरेन, कोषाध्यक्ष राजेश हॅसदा, सदस्य नरेश हॅसदा, प्रदीप हेम्ब्रोम, रमेश सोरेन,राजू मुर्मू, दिलीप हेम्ब्रोम, प्रदीप सोरेन,मुन्ना सोरेन, सुरेश टुडू, शेखर टुडू, अभिनाष सोरेन, राहुल सोरेन, सुनिल हेंब्रोम, सुरेश हेम्ब्रोम, महेंद्र सोरेन, बब्लू सोरेन, बब्लू किस्कू, समीर सोरेन,अरुन सोरेन, अमित किस्कू, सुमित किस्कू,रवि सोरेन,महालाल, विक्रम,अनिल सोरेन, साहिल, राजू सोरेन, संजय सोरेन,वर्मा हेम्ब्रोम, रितिक, छोटू,राम हेम्ब्रोम, बिरालाल, हरीलाल सोरेन, रोहित किस्कू, पवन सोरेन,अमीर सोरेन, महेन्द्र, विष्णु, मनोज हेम्ब्रोम, चंदन पवरिया का अहम योगदान रहा।

## एनटीपीसी मजदूर यूनियन ने निकाला बाइक जुलूस

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी मजदूर यूनियन के तत्वाधान में रविवार को यूनियन कार्यालय से मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया । जिसका नेतृत्व सीपीआई के पतरातू अंचल सचिव मनोज कुमार महतो के द्वारा किया गया। जुलूस न्यू मार्केट चौक होते हुए एनटीपीसी मजदूर गेट पहुंचा जहां सीपीआई के अंचल सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा कि आगामी 20 दिसंबर को एनटीपीसी पीवीवीएनएल प्रबंधक को एनटीपीसी मजदूर यूनियन स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं मजदूरों की समस्याओं को लेकर 11 सूत्री मांग पत्र प्रबंधक को सौंपा जाएगा। इस मौके पर मनोज कुमार , रमेश कुमार महतो ,सरवन कुमार, विकास मुंडा नरेश बेचाबी दिया मनीष बेदिया विनय गुप्ता ओम प्रकाश साहू संतोष मुंडा मनोज मुंडा विजय कुमार राहुल कुमार प्रसाद अनूप कुमार राज कुमार विशाल पांडे अनिकेत सिंह उपेंद्र पासवान राजकुमार ताप्ती चामुंडा संतोष कुमार मनोरंजन महतो शिबू करमाली मदन महतो रोशन महतो सुरेंद्र महतो विकास राव कृष्णा कुमार महतो विकास राव कृष्णा महतो फुलेश्वर तुलसी महतो आदि शामिल थे।

### शौर्य यात्रा में हजारों रामभक्त हुए शामिल, राम सेतु शिला का कराया नगर भ्रमण

# जय श्रीराम, वंदे मातरम और भारत माता के जयकारों से गूंज उठा शहर





**भगवान पुरुषोत्तम श्री रामजी का भव्य मंदिर 500 सालों का संघर्ष का परिणाम है: सिद्धनाथ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद के युवा शाखा बजरंग दल रामगढ़ के तत्वाधान में रविवार को छावनी फुटबॉल ग्राउंड से शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। शौर्य यात्रा में मुख्य रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्राम विकास के अखिल भारतीय टोली के सदस्य सिद्धनाथ सिंह शामिल हुए। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व अतिथियों ने श्री राम दरबार एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिद्धनाथ सिंह ने कहा श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से समाज में जाति, पंथ, संप्रदाय जैसे समाज विध्वंसक विचारधारा में परिवर्तन आया है, जिससे समरस समाज बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज विध्वंसक विचारधारा वाले समाज के द्वारा हिंदू को हिंदू से लड़ा कर समाज में दरार डालने का कार्य कर रही है, ऐसे तत्वों से सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में हिंदुत्व एवं हिंदुत्व चिंतन अब समाज के बीच केंद्र बिंदु बन गया है, यह दृश्य आज के राजनीतिक पटल पर भी स्पष्ट दिखायी देती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में ईसाइयों का मतांतरण, इस्लाम की जिहादी गतिविधि एवं कम्युनिस्ट विचारधारा के नक्सलवाद के कारण हिंदू एवं हिंदुत्व को काफी क्षति पहुंच रही है। मयांमार के रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी मुस्लिमों का घुसपैठ के कारण झारखंड सहित देश के अनेक राज्य के जिलों में आंतरिक सुरक्षा में खतरा बढ़ा है और जनसंख्या असंतुलन की स्थिति बनता जा रहा है। उन्होंने कहा देश, राष्ट्र, धर्म और संस्कृति के रक्षार्थ समस्त हिंदू जनमानस को हिंदू संस्कार में दृढ़ीकरण तथा सामाजिक जीवन में प्रमाणिकता के साथ व्यवहार में लाना आवश्यक है। कहा कि लगभग 500 साल तक का संघर्ष का परिणाम है भगवान पुरुषोत्तम श्री रामजी का भव्य मंदिर। उन्होंने कहा गौ माता, गंगा माता, भारत माता हमारी सनातन परंपरा की आत्मा है परंतु आज झारखंड में बैठे शीर्ष नेता के द्वारा गौतस्करी को नहीं रोकने का वक्तव्य देकर सनातन संस्कृति अवधारणा को अपमानित करने का काम किया है। कहा कि अब जागृत हिंदू को हिंसा के बल पर दबाया नहीं जा सकता।

### श्री राम सेतु शीला का कराया नगर भ्रमण

शौर्य यात्रा के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं, दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति की माताओं व बहनों के द्वारा श्री राम सेतु शीला को लेकर शौर्य यात्रा फुटबॉल मैदान से शुरू करते हुए रामगढ़ नगर भ्रमण कर पुनः फुटबॉल मैदान आकर समापन हुआ। इस शौर्य यात्रा में जिले के सभी प्रखंडों रामभक्त पहुंचे। जिसमे गोला, चितरपुर, दुलमी, पतरातू मांडू के हजारों राम भक्त एवं मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की मातायें एवं बहने के द्वारा नगर भ्रमण में शामिल हुए। शौर्य यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र जय श्री राम, वंदे मातरम्, भारत माता की जय, गौ हत्या बंद हो, लव जिहाद बंद हो, और धर्मांतरण बंद हो जैसी उद्घोष से पूरा रामगढ़ गूंज उठा। रामगढ़ के लिए आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक रहा। शौर्य यात्रा के दौरान सभी राम भक्तों, दुर्गा वाहिनी की माताओं बहनों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई।

### शौर्य यात्रा में ये थे शामिल

शौर्य यात्रा में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्याध्यक्ष तिलक राज मंगलम, विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रांची विभाग बौद्धिक टोली के सदस्य चंद्र बहादुर सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एमपीएच के सम्मेलन में रामगढ़ में नयी टीम का गठन

## अध्यक्ष डॉ अनुपम सिंह और सचिव डॉ निधि बजाज बनी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** देश में महिलाओं को कुपोषण और बीमारी से बचाने के लिए मिशन पिंक हेल्थ परियोजना चलायी जा रही है। शनिवार को रामगढ़ शहर के होटल ट्रीट में मिशन बैंक हेल्थ का एक वार्षिक सम्मेलन भी आयोजित किया गया। इस मौके पर परियोजना की राज्य प्रभारी डॉ सांत्वना शरण ने कहा कि मिशन पिंक हेल्थ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की महत्वाकांक्षी परियोजना है। जिससे झारखंड में 2018 से चलाया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत किशोरावस्था के बच्चों से उनके स्कूल और उनके गांव में जाकर उनके परिवार जनों के साथ उन्हें अनीमिया, पोषण, माहवारी, स्वच्छता, अच्छा और बुरा स्पर्श जैसे बहुत जरूरी बातों के बारे में जानकारी दी जाती है। किशोरियों के रक्त की जांच के द्वारा उनके हिमोग्लोबिन के स्तर का पता किया जाता है। उन्हें सेनेटरी पैड, आयरन की गोली, कीड़े मारने की दवा और कुछ रोजमर्रा के स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए उपयोगी सामान दिया जाता है। स्कूल को फर्स्ट एड बॉक्स किया जाता है और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों की जांच और सलाह दी जाती है। रामगढ़ में अभी तक 109 कैंप लगाये जा चुके हैं। झारखंड स्टेट की एमपीएचसी कोऑर्डिनेटर डॉ ने बताया की एमपीएच रामगढ़ ने अभी तक 85000 बच्चों तक अपना यह संदेश पहुंचाया है। उनका लक्ष्य है कि झारखंड के प्रत्येक बच्चे को यह जानकारी और सुविधा मिल सके, इसके लिए आइएमके के झारखंड के 19 शाखाओं में एमपीएच के टीम की स्थापना का प्रयास किया जा रहा है।

## पांच सौ आवेदन ऑनलाइन निष्पादित किया गया: बीडीओ




आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** राज्य सरकार के तीसरे वर्षगांठ के अवसर पर प्रखण्ड क्षेत्र के जरुरतमंदों के समुचित लाभ के लिये रविवार को प्रखण्ड कार्यालय में युद्ध स्तर पर बालिका समृद्धि योजना सावित्री बाइ फुले के तहत पांच सौ आवेदनो को निष्पादित किया गया। बीडीओ रंथू महतो ने बताया की आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा प्राप्त आवेदन को ऑनलाइन निष्पादन किया गया। इस अभियान को तेज गति से चलाया जा रहा है चूंकि17,18 एवं 19 दिसंबर 2022 को तीन दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन सभी विद्यालयों, पंचायत सचिवालय व सीएससी केंद्रों में निर्धारित किया गया हैं। इसमें कक्षा 8वीं से उपर के छात्राओं का प्रोत्साहन राशि देने छात्रवृत्ति योजना, विद्यार्थियों का पोशाक एवं छात्रवृति के लिए छात्रों का बैंक खाता उपलब्ध कराने आवश्यक स्थिति में अभिभावकों का भी बैंक खाता स्वीकार्य तथा सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों को राशि उपलब्ध कराने के लिये आवेदन पत्र भरने तथा इ-केवाइसी कराने तथा शत- प्रतिशत लोगों का जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने आमलोगों से शिविर में भाग लेकर लाभ लेने की अपील किया।

## मकर सक्रांति मेला महोत्सव का होगा आयोजन, कमेटी गठन, अध्यक्ष बने मोहराय संरक्षक बनाये गये पार्षद धनेश्वर

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरुकलां स्थित मंगरी ढिपा बगलामुखी में मकर संक्रांति मेला सह टुसु महोत्सव के आयोजन करने को लेकर रविवार को स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति मेला सह टुसु महोत्सव धूमधाम के साथ आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके सफल संचालन के लिए कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक किशुन राम मुंडा, संयोजक धनेश्वर महतो उर्फ डीएम, संरक्षक रामसेवक महतो, अध्यक्ष मोहराय महतो, उपाध्यक्ष विजय केशरी, सचिव बालेश्वर महतो, उप सचिव उमाशंकर महतो, कोषाध्यक्ष मिशिरलाल महतो, उप कोषाध्यक्ष सुनील मेहता व मीडिया प्रभारी निरंजन महतो को बनाया गया है। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो ने किया। मौके पर झमन महतो, बिनोद करमाली, जगदेव महतो, टेकलाल महतो, मधेश्वर महतो, अरविंद महतो, पप्पू राम, द्वारका करमाली, राजकुमार महतो, संदीप प्रसाद, जगदीश महतो, महेश महतो, सुरेश कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 3, 4, 5 और 6 के पदाधिकारियों से रू-ब-रू हुए सांसद

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी नगर कमेटी के तत्वधान में शनिवार को छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 3, 4, 5 और 6 के पदाधिकारियों से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी रूबरू हुए। इस दौरान श्री चौधरी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। साथ ही प्रोत्साहित करते हुए पदाधिकारियों को चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के नीति और सिद्धांतों से छावनी परिषद क्षेत्र की जनता को अवगत करायें। वहीं, पार्टी के पदाधिकारियों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को आश्वस्त करते हुए कहा कि आजसू पार्टी को एक नई बुलंदियों तक पहुंचाया जायेगा। इस अवसर पर तिवारी महतो, पार्टी के नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, दिनेश कुशवाहा, लेखराज महतो, नितेश कुशवाहा, रवि कुशवाहा, टिंकू कुशवाहा, आनंद चौधरी, उपेंद्र कुमार, कुंती देवी, कंचन देवी, रीता देवी, चिंता देवी, दीपू गुप्ता, गगन चौधरी, श्यामसुंदर यादव, अरुण राय, ईश्वर कुमार पासवान, अजय सिंह, मनीष मुंडा, मनोहर महतो, कपिल महतो, संजय मुंडा, शिबू महतो, अशोक महतो, पारस महतो, आनंद मुंडा, सविता देवी, नीलम देवी, यशोदा देवी, मंजू देवी, पिंकी शर्मा, सुनीता कुमारी, पप्पू कुमार सहित कई लोग उपस्थित।

## जनहित मुद्दों के लिए छात्र व अधिकार मोर्चा जनता के साथ है खड़ी: मुनिनाथ

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड के सिकनी के पंचायत भवन में रविवार को छात्र युवा अधिकार मोर्चा (स्याम) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यरूप से मोर्चा के अध्यक्ष संतोष महतो, संस्थापक सदस्य मुनिनाथ महतो और धनेश्वर महतो उपस्थित हुए। इस दौरान बैठक में संगठन को विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमे मुख्य लक्ष्यों में शिक्षा, रोजगार और सम्मान आदि विषयों पर की गई। बैठक को संबोधित करते हुए छात्र युवा अधिकार मोर्चा के संस्थापक सदस्य मुनिनाथ महतो ने कहा कि संगठन रामगढ़ ज़िले में मजबूत विपक्ष एवं जनहित के मुद्दों के समाधान के लिए प्रभावी भूमिका निभाता रहा है। रामगढ़ जिला में सभी सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है और इसके खिलाफ लड़ने वाला एकमात्र हमारा संगठन है, जो क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति को सक्षम, सबल और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयासरत है। सिकनी गांव में छात्र युवा अधिकार मोर्चा संगठन के पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जहां सर्वसम्मति से सिकनी निवासी को अध्यक्ष अजय कुमार महतो, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील महतो और पंचायत कोऑर्डिनेटर जलेश्वर महतो को बनाया गया। वही, कोषाध्यक्ष लम्बोदर महतो, कार्यक्रम प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो, खुशीलाल महतो, प्रवक्ता आनंद कुमार, उपाध्यक्ष धनंजय महतो, सचिव मुकेश कुमार, विक्रम कुमार, मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार, मनदेव महतो, सोशल मीडिया प्रभारी भास्कर कुमार, नीतीश कुमार, छोटेलाल कुमार, विक्रम कुमार, संरक्षक उमेश महतो, गोविंद महतो, खुशीलाल महतो, राजकुमार महतो, प्रवीण कुमार महतो बनाये गए। छात्र युवा अधिकार मोर्चा के सिकनी पंचायत अध्यक्ष चुने जाने के बाद अजय महतो ने कहा कि पंचायत के युवाओं को जागरूक कर संगठन को विस्तार करूंगा। कहा कि पंचायत में युवाओं को शिक्षा रोजगार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और अपने हक अधिकार के लिए संगठित करेंगे। साथ ही सकारात्मक विकास से सम्बंधित कार्य करेंगे। सरकारी योजनाओं और सुविधाओं को पंचायत के अंतिम व्यक्ति के लिए उपलब्ध कराएँगे। वही, बैठक का धन्यवाद ज्ञापन जलेश्वर महतो ने दी। बैठक में धनराज महतो, सुधीर महतो, सुमन्त कुमार, हरीश प्रभाकर, मंदेव महतो, लम्बोदर महतो, मुकेश महतो, हर्षप्रीत, राजकुमार महतो, धनंजय महतो आदि उपस्थित थे।

## उज्जवला ने दस हजार महिलाओं को फाउंडेशन का सदस्य बनाने का लिया निर्णय




**कुजू (आजाद सिपाही)।** स्वंयसेवी संस्था उज्जवला फाउंडेशन की बैठक बोंगाबार फोरलेन स्थित मोतीराम कांप्लेक्स में हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने की। बैठक के दौरान जगेश्वर प्रजापति ने फाउंडेशन सदस्यों को आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में सशक्त बनाने पर बल देते हुए फाउंडेशन के सिद्धांतों से अवगत कराया। वही, मौजूद सदस्यों को आगामी फरवरी 2023 तक मांडू प्रखंड के सभी पंचायतों से दस हजार महिलाओं को फाउंडेशन से जोड़कर सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। वही, सदस्यों ने अपना समर्थन देते हुए ससमय लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया। बैठक में अनीता देवी, आशा कुमारी, शांति देवी, शीला कुमारी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, रिंकू देवी, स्वेता देवी, पारो देवी, गुनीता देवी, सुनीता देवी, विमला कुमारी, फूलमती कुमारी, सरिता देवी, संगीता देवी, सोनी कुमारी, सविता कुमारी, प्रमिला कुमारी, स्वाति देवी, पूनम देवी आदि मौजूद रहे।

### जिप प्रतिनिधि पर कमीशन खोरी का आरोप

# सोशल मीडिया में उद्घाटन के बदले काम का कमीशन मांगने का वीडियो तेजी से हो रहा वायरल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिला में इन दिनों विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कमीशन खोरी और घपले बाजी के नित नये मामले उजागर हो रहे हैं। कहीं सरकारी योजनाओं के क्रियांवयन और आधारशिला से पूर्व अग्रिम कमीशन की मांग को लेकर महत्वपूर्ण अतिमहत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनायें लंबित हैं तो कहीं योजना पूर्ण होने के बाद उद्घाटन का बाट जो रहे हैं। कुछ ऐसा ही नया मामला जिले के नक्सल प्रभावित प्रतापपुर प्रखंड में प्रकाश में आया है। जहां योजना निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद कार्य कमीशन खोरी का भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। मामला प्रखंड अंतर्गत जिला परिषद भाग-1 का है। जहां श्मशान घाट निर्माण कार्य के एक संवेदक ने जिला परिषद रविता देवी के पति संतोष राणा पर योजना के बदले कमीशन मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत योगिडीह पंचायत में जिला परिषद मद से करीब दो लाख 49 हजार रुपये के लागत से श्मशान घाट का निर्माण कराया गया है। घाट के निर्माण कार्य को लेकर जिला परिषद द्वारा दिनेश यादव को संवेदक बनाया गया था। संवेदक के अनुसार उसने निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए तमाम विभागीय कागजी कार्रवाई भी पूर्ण कर लिया है। लेकिन उसे जिला परिषद कार्यालय के द्वारा कार्य के बदले भुगतान से पूर्व जिला परिषद द्वारा योजना का उद्घाटन से संबंधित तस्वीर कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिसके बाद से वह लगातार उदघाटन को लेकर जिला परिषद सदस्य रविता देवी के घर का चक्कर लगा रहा है। लेकिन रविता देवी के बजाय उनके पति संतोष राणा के द्वारा उद्घाटन के बदले संवेदक से लगातार पांच प्रतिशत अग्रिम कमीशन की मांग की जा रही है। कमीशन नहीं देने पर योजना का उद्घाटन नहीं करने और योजना क्रियांवयन में गड़बड़ी की शिकायत करने की धमकी संवेदक को दी जा रही है।

**विवादों से संतोष का रहा है गहरा नाता:** ऐसा नहीं है कि जिला परिषद सदस्य रविता देवी के पति संतोष राणा पर पहली बार ऐसे संगीन आरोप लगे हैं। इससे पूर्व भी उनका विवादों से गहरा नाता रहा है। पूर्व में भी वे प्रखंड में संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं और स्कूलों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान भी शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समिति के अलावे विकास योजनाओं से जुड़े लोगों के द्वारा उनका विरोध किया गया था। लोगों का कहना था कि योजनाओं की जांच जिला परिषद सदस्य नहीं कर सकते। उन्हें इसकी जानकारी भर लेने का अधिकार है। उसके बावजूद खुद को जिला परिषद सदस्य का प्रतिनिधि बताकर संतोष राणा के द्वारा दबंगई दिखाई जाती है। आम लोगों का कहना है कि पंचायती राज व्यवस्था में जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि के पद का कोई प्रावधान ही नहीं है। बावजूद संतोष राणा के द्वारा खुद को गैर कानूनी तौर पर प्रतिनिधि घोषित कर सरकारी विकास योजनाओं को कमीशन के चक्कर में प्रभावित किया जा रहा है।

**क्षवि को धूमिल करने का किया जा रहा प्रयास, करेंगे एफआइआर:** हालांकि इस पूरे मामले में आरोपी संतोष राणा ने खुद को निर्दोष बताया है। उन्होंने कहा है कि उनकी लोकप्रियता से घबराकर विरोधी घबरा रहे हैं। यही कारण है कि साजिश रच कर उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। संतोष राणा ने कहा है कि वे निर्वाचित होने के बाद लगातार क्षेत्र में विकास योजनाओं की गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन को लेकर सक्रिय हैं। उनके द्वारा कई विद्यालयों का भी निरीक्षण किया गया है, जिसमें कई गड़बड़ियां उजागर हुई है। शिकायतकर्ता दिनेश यादव भी एक विद्यालय का अध्यक्ष है। उसे इस बात का डर है कि कहीं उसके विद्यालय की भी जांच हुई तो कई मामले उजागर हो जाएंगे। इसी डर से वह साजिश रच रहा है। संतोष के अनुसार आरोपों से संबंधित साक्ष्य अगर तीन दिनों के भीतर उसे उपलब्ध नहीं कराया गया तो वह शिकायतकर्ता के विरुद्ध एफआइआर दर्ज करायेंगे।

### करायेंगे मामले की जांच

इधर इस पूरे मामले में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी ने कहा है कि प्रतापपुर भाग 1 में जिला परिषद सदस्य रविता देवी है ना कि संतोष राणा। संतोष राणा किस अधिकार के तहत विकास योजनाओं की जांच करने जाते हैं यह समझ से परे है। मामले की जांच करायी जायेगी।

## विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने दी चेतावनी

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को बलकुदरा देवी मंडप प्रांगण में विस्थापित-प्रभावित मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद और संचालन मुखिया विजय मुंडा एवं किशोर महतो ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में नोएडा में टेंडर निकालकर छाई डैम नंबर वन में पीभीयूएनएल एवं एनटीपीसी प्रबंधन के प्रयास का जोरदार विरोध किया गया। कहा गया कि हमसभी यदि भारत के नागरिक हैं तो हमारे जीने के मौलिक अधिकार को पीभीयूएनएल कैसे छीन सकता है। छाई डैम नंबर वन की जमीन का अधिग्रहण पुराने अंग्रेजों के कानून 1894 के तहत बिना मुआवजा, नौकरी एवं पुनर्वास दिये जबरन अधिग्रहण की प्रक्रिया सिर्फ कागजो में 20 वर्षों में पूरा किया गया।

## सार्जेंट मेजर प्रणव 55 मतों से जीते बने पुलिस पदाधिकारी संघ के मंत्री

**जिला अंर्तगत पुलिस अधिकारी संघ में मंत्री पद किया गया का चुनाव**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला अंर्तगत पुलिस अधिकारी संघ में मंत्री पद का चुनाव किया गया। इस चुनाव में सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार ने 55 मतों से अपने प्रतिद्वंदी फागू राम उरांव को हरा दिया। इस चुनाव में कुल 302 मतदाता थे। जिसमें 217 मतदान हुआ। जिसमें सार्जेंट मेजर को 136 मत प्राप्त हुए। वहीं एएसआई फागे राम उरांव को 81 मत ही प्राप्त हुए। सार्जेंट मेजर की जीत पर उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। जीत के बाद सार्जेंट मुजरिम कहा कि संगठन को भली भांति चलाना और अपने दायित्वों का निर्वाह करना मेरी प्राथमिकता है। ये पद रिक्त हुआ था। साथियों ने मुझे इस योग्य समझा। ये मेरे लिए सम्मान की बात है।

## योगासना स्पोर्ट्स एसोशिएशन का गठन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** रविवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला में योगासना स्पोर्ट एसोशिएशन ऑफ गुमला का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य के वाइएसए संजय सिंह ने की। बैठक का संचालन ऑर्गनाइजेशन सेक्रेटी वाईएसए झारखंड संतोषी साहू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अनिरुद्ध चौबे द्वारा किया गया। योगासन के बारे में संजय सिंह ने विस्तार से उपस्थित लोगों को बताया। संतोषी साहू के द्वारा योगासन की उपयोगिता, भविष्य में राष्ट्रमंडल खेल ओलंपिक में योगासन का स्थान तथा युवाओं को योगासन के लाभ से परिचित कराया। इस बैठक में अध्यक्ष अनिरुद्ध चौबे, सचिव विजय कुमार साहू, कोषाध्यक्ष नंदलाल साहू उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव को नियुक्त किया गया। मौके पर सूरज भगत, सुरेश भगत, अक्षय कुमार, बिंदु देवी, पूजा कुमारी, सक्षम सिंह समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## राजभवन के समक्ष धरना में गुमला से सैकड़ों किसान एवं मजदूर भाग लेंगे

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल व अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा, रांची के तत्वावधान में 20 दिसंबर को आहूत धरना में गुमला से सैकड़ों किसान व मजदूर भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने बताया कि रांची के राजभवन के समक्ष आयोजित धरना कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। गुमला जिला से सैकड़ों की संख्या में किसान व मजदूर भाग लेंगे। राज्य के हर पंचायत में क्रय केंद्र खोलते हुए धान खरीदी में किसानों को हाथों-हाथ नगद भुगतान देने, धान की कीमत में वृद्धि करने, केसीसी लोन माफी का प्रमाण-पत्र किसानों को देने, ग्रामीणों का पुराना बिजली बिल माफ करने, बिजली व्यवस्था ठीक करने, किसानों की सहमति व निगरानी में सिंचाई जैसी योजना चलाने तथा राज्य में मजदूरों का हो रहे शोषण पर अविलंब रोक लगाने की मांग को लेकर होनेवाले धरना कार्यक्रम में राज्य भर के किसान व मजदूरों के प्रतिनिधि धरना कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। धरना कार्यक्रम में अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा तथा झारखंड नवनिर्माण दल के वरिष्ठ नेतागण भी शिरकत करेंगे।

## डुमरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी का गठन



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी प्रखंड के डेरा मैदान में जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चैतु उरांव एवं प्रखंड अध्यक्ष राजेश एक्का की अध्यक्षता में डुमरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक की गयी। जिसमें डुमरी प्रखंड प्रखंड कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। बैठक में पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी का भी गठन किया गया। मौके पर कई कांग्रेसी कार्यकर्ता देवा साहू, तरुण गोप, अरविंद साहू, इंदवार चुमनु उरांव, अख्तर अली, मकबूल आलम, भोला खान तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम :** रिंकू लोहरा अपहरण और हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

# हत्याकांड में शामिल मृतक की पत्नी सहित तीन गिरफ्तार

**मृतक की पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर रचा था हत्या का षड्यंत्र : एसडीपीओ**

**रिंकू लोहरा का शव घाघरा के जंगल से 7 दिसम्बर को हुआ था बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिसई।** पुसो थाना क्षेत्र के बोण्डो चटाईनटोली निवासी रिंकू लोहरा के अपहरण व हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए रविवार को पुसो थाना में प्रेस वार्ता की गयी। रिंकू हत्याकांड में शामिल मृतक की पत्नी सहित पांच लोगों में से तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं घटना में शामिल दो लोग फरार हैं।

हत्याकांड मामले को लेकर एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल व थानेदार सत्यम गुप्ता ने प्रेस वार्ता में बताया की बीते 30 नवम्बर को बोण्डो चटाईनटोली निवासी अंजली कुमारी (23) ने अपने भाई रिंकू लोहरा (26) की हत्या के नियत से अपहरण करने के संदेह पर अपनी भाभी सेन्हा थाना क्षेत्र के ढवठाटोली गांव की जयंती कुमारी व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कांड अंकित कर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल के नेतृत्व एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में अपहृत रिंकू लोहरा का शव घाघरा थाना के चूल्हामाटी गांव के जंगल से बीते 7 दिसम्बर को बरामद किया गया था। कई संदिग्ध जगहों में छापेमारी की गई। जिसके बाद रिंकू की पत्नी जयंती कुमारी से पूछताछ में कुछ महिनों से जयंती का संबंध लोहरदगा थाना क्षेत्र के ईंटा गांव के सूरज उरांव से होने का पता चला। सूरज जयंती को अपने साथ रखना चाहता था, जिसको लेकर दोनों ने मिलकर रिंकू की हत्या करने का षड्यंत्र रचा। जयंती ने सूरज को 29 दिसंबर को रिंकू के लोहरदगा कोर्ट में तारीख पर आने की सूचना दी। जिसके बाद सूरज ने अपने दोस्तों लोहरदगा के बिजवानी गांव निवासी लुथे लकड़ा उर्फ अमन, इंद्रदेव उरांव उर्फ अनमोल व सेन्हा थाना के घाटा सहुआटोली निवासी सचिन गडेरी उर्फ उगे के साथ मिलकर बोण्डो चटाईनटोली स्थित रिंकू को उसके घर से रात में हथियार के बल पर अपहरण किया और घाघरा के चूल्हामाटी जंगल लाकर हत्या कर शव को जंगल में छिपा दिया। अनुसंधान के क्रम में अपहरण व हत्याकांड में शामिल जयंती कुमारी, लुथे लकड़ा उर्फ अमन व सचिन गडेरी उर्फ उगे की गिरफ्तारी हो चुकी है। लुथे लकड़ा की निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त सिसई थाना क्षेत्र से चोरी की गई बुलेट मोटरसाइकिल नं. जेएच 01 सी ई 5363, जालसा कंपनी के एक कीपेड मोबाईल व एक टच स्क्रीन मोबाईल बरामद किया गया है। जबकि अपराध में शामिल सूरज उरांव व इंद्रदेव उर्फ अनमोल फरार हैं, दोनों की तलाश की जा रही है। रिंकू लोहरा के अपहरण व हत्याकांड में शामिल लुथे लकड़ा उर्फ अमन लकड़ा का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध वर्ष 2019 में लोहरदगा जिले के तीन थानों, लोहरदगा, भंडरा व कुडू थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

अनुसंधान टीम में एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल, इंस्पेक्टर एस एन मंडल, पुसो थानेदार सत्यम गुप्ता, एसआई टेकलाल महतो, एसआई कफिल अहमद, एएसआई कुमार सरंजय, पुसो रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## ब्रह्मर्षि समाज गुमला का लिट्टी-चोखा पिकनिक 21 दिसंबर को

**ब्रह्मर्षि समाज की बैठक में लिया गया निर्णय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मुख्यालय के गोकुल नगर में ब्रह्मर्षि समाज के अध्यक्ष रामसागर सिंह के आवास पर ब्रह्मर्षि समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रामसागर सिंह ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि सुदर्शन शर्मा समाज के सचिव पद पर बने रहेंगे। वहीं समाज के भवन की मरम्मत एवं उपरी मंजिल बनाने पर चर्चा हुई। आगामी 21 दिसंबर दिन बुधवार को संध्या में अपने ब्रह्मर्षि समाज के भवन में लिट्टी चोखा की पिकनिक मनायी जाएगी। जिसमें समाज के सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर समाज को मजबूती प्रदान करें। अंत में रामसागर सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में कहा समाज को संगठित करने के लिए प्रत्येक माह समाज के भवन में समाज के लोग उपस्थित हों और समाज के उत्तरोत्तर विकास हेतु रणनीति बनायें। जिले में वैसे लोग जिन्हें सामाजिक संगठन के विषय में पता नहीं है उन्हें समाज में जोड़ने का काम करें।

कार्यक्रम में रामसागर सिंह, सुनील कुमार, एडवोकेट उदय कुमार, निरंजन कुमार, चंदन कुमार, सुदर्शन शर्मा, हरेश्वर दीक्षित, शशि रंजन दीक्षित, शिव शंकर कुमार, अखिल कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे।

## भरनो में किशोरों के बीच फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज ने किया टूर्नामेंट का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भरनो।** प्लस टू हाई स्कूल भरनो के खेल मैदान में रविवार को सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज के द्वारा किशोरों के बीच एक दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। इस टूनामेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतीथी प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव और मुखिया शांति उरांव के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बॉल को किक मारकर किया गया।मौके पर प्रमुख पारस नाथ उरांव ने बताया कि उ3 इंडिया के द्वारा यह आयोजन बहुत ही विशेष है,क्योंकि इसमें 10-19 साल के किशोरों को लेकर फूटबॉल मैच का आयोजन किया गया हैक्खेल कूद के माध्यम से किशोर स्वस्थ भी रहेंगे एवं असामाजिक गतिविधियों से दूर रहकर समाज में सकारात्मक योगदान करेगें। मौके पर उ3 इंडिया के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश सारंगी ने बताया कि संस्था के द्वारा फुटबॉल कोच का चयन कर प्रखंड के हर पंचायत में किशोरों को फुटबॉल का अभ्यास कराया जा रहा है,साथ ही अभ्यास के दौरान उन्हें नशापान,कम उम्र में विवाह,समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता के विषय पर जानकारी के साथ उनके स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बना सके इसके बारे में भी जानकारी दी जाती है।किशोरों को जागरूक करने का उद्देश्य है कि समाज में पहले से चली आ रही रूढ़िवादी सोच को समाप्त करने में किशोर अपनी भूमिका निभा सकें।इसी के तहत आज प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन कराया गया।विजेता और उपविजेता टीम को पुरुस्कार देकर समानित किया गया,वहीं इस टूनामेंट के विजेता टीम का चयन जिला स्तरीय टूनामेंट के लिए भी किया गया।

इस टूर्नामेंट में प्रखंड के 6 टीमों ने हिस्सा लिया। इस टूनामेंट का फाइनल मैच तुरिआम्बा बनाम पण्डरानी टीम के बीच खेला गया, जिसमें खेल के दौरान कोई गोल नही होने पर पलांटी सूट का सहारा लिया गया,जिसमे तुरिआम्बा की टीम एक गोल से विजयी हुई।

इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में प्रमुख पारस नाथ उरांव,मुखिया शांति उरांव,चन्द्र मोहन महतो, पुलिस विभाग के एवं उ3 इंडिया के आलोक कुमार, प्रकाश सारंगी,कोच सुलेमान आदी ने अहम भूमिका निभाई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झाजेकायू की बैठक में बॉक्साइट माइंस में कार्य कर रहे मजदूरों की समस्याओं पर की गयी चर्चा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड जेनरल कामगार यूनियन की बैठक घाघरा प्रखंड के पोड़ी सरना स्थित स्कूल प्रांगण में जिलाध्यक्ष सनिया उरांव की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक में आदित्य बिड़ला समूह की खनन कंपनी हिण्डालको के द्वारा संचालित भैंसबथान बॉक्साईट माईंस में कार्य कर रहे मजदूरों को बिना सूचना दिये सेवानिवृत कर भविष्य निधि कटौती तथा ग्रेच्यूटी का भुगतान नहीं किये जाने के सवाल पर विचार विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त 1 अप्रैल 2019 से जनवरी 2021 तक माईंस बन्दी के दौरान का मजदूरी भुगतान के प्रति प्रबंधन की उदासीनता के खिलाफ श्रम न्यायालय में मामला दायर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि कोटा फुल होने के बहाने माईंस में खनन कार्य बन्द करने की किसी भी साजिश को यूनियन द्वारा पुरजोर विरोध किया जाएगा। हम प्रबंधन के किसी भी दबाव के आगे झुकने वाले नहीं हैं। बैठक में जिला सचिव सुरेश प्रसाद यादव, विनोद उरांव, सोमनाथ उरांव, करमा उरांव, चमरू उरांव, बजिन्द्र उरांव, सीताराम उरांव, कलेश्वर उरांव, अशोक उरांव, एतवा उरांव, फगुआ असुर, सोमा असुर, सुखन असुर, किशुन असुर सहित अन्य मजदूर सम्मिलित थे।

### थाना प्रभारी ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया, वाहनों के दस्तावेजों की जांच की



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने रविवार को थाना के मुख्य द्वार पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोटरसाइकिल, फोर व्हीलर सहित कई वाहनों की दस्तावेज जांच की गई। पुलिस के वाहन चेकिंग अभियान को देख लोग इधर से उधर भागते नजर आये। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी ने कहा एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस व ट्रिपल लोड नहीं चलने की हिदायत दी। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया है कि बिना लाइसेंस के बच्चों को गाड़ी देकर सड़कों पर ना भेजें। बेवजह बच्चे मोटरसाइकिल लेकर सड़कों पर निकल जाते हैं, जिससे दुर्घटना का ग्राफ बढ़ रहा है सभी अभिभावक इसे गंभीरता से लें।

### करमचंद भगत महाविद्यालय में वुडबॉल के लिए 13 लड़के और नौ लड़कियों का चयन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** करमचंद भगत महाविद्यालय में रांची विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज वुड बॉल सेलेक्शन ट्रायल 2022 का आयोजन रविवार को जरिया के लकड़ा फाड़ा ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया गया। इस आयोजन में रांची विश्वविधालय के दस महाविद्यालय के 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम प्रतिभागियों से प्राचार्य डा अजीत कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। इस आयोजन में 13 लड़के और 09 लड़कियों का चयन सूची बनाया गया. जिसमें 10 लड़के और 09 लड़कियां टूनामेंट में भाग लेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अर्थपाल प्रो विंध्याचल राम ,खेल शिक्षक प्रो विकास कुमार सिन्हा, निरंजन कुमार, शुकुल कुमार मेहता साथ में थे। मैच के सफल संचालन में निर्णायक की भूमिका में जेनरल सेक्रेटरी गोविंद झा, रेफरी के बंटी टोप्पो, निकित खलखो व नितेश कुमार मौजूद थे।

**प्रेस कांफ्रेंस :** सड़क खोदने से पहले संबंधित एजेंसियों को नगर परिषद से लेनी होगी अनुमति

# बिना अनुमति के कार्य करने पर की जायेगी कड़ी वैधानिक कार्रवाई

**जहां-तहां सड़कों को काट देने से सरकारी संपत्ति की क्षति के साथ-साथ दुर्घटनाओं की भी बनी रहती है आशंका : संजय कुमार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** गुमला नगर परिषद क्षेत्र में किसी प्रकार का विकास कार्य करने के दौरान किसी आम सड़क को खोदने या काटने से पहले संबंधित विकास एजेंसी या सरकारी ठेकेदार या निजी निर्माणकर्ता को नगर परिषद से इस आशय का अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। साथ ही इसके लिए निर्धारित शुल्क भी नगर परिषद में जमा करना होगा। बिना अनुमति के कार्य करने पर नगर पालिका अधिनियम के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में कई सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों- निजी कम्पनियों या निजी निर्माणकताओं द्वारा पाइप, केबल, ऑप्टिकल फाइबर आदि बिछाने आदि के क्रम में मनमाने तरीके से जहां-तहां सड़कों को काट दिया जा रहा है। इससे न केवल सरकारी संपत्ति क्षतिग्रस्त होती है व आवागमन बाधित होता है बल्कि दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है।

कहा कि कई बार तो संबंधित विभाग या निजी कंपनियां इस बात का बोर्ड भी कार्यस्थल पर नहीं लगाती हैं कि अमुक कार्य किस एजेंसी या विभाग द्वारा किया जा रहा है और कब तक यह खुदाई का काम पूरा हो जाएगा। हद तो तब हो जाती है जब बिना मरम्मत किये ही क्षतिग्रस्त हालत में ही सड़क को छोड़ कर एजेंसियां भाग जाती हैं। संजय कुमार ने कहा कि ऐसी सभी विभागीय एजेंसियों तथा निजी कंपनियों को न केवल नगर परिषद से अनापत्ति लेनी होगी बल्कि अपने आवेदन में यह भी वर्णित करना होगा कि वे सड़क के लगभग कितने क्षेत्रफल को काटेंगे, कार्य करने की समय अवधि क्या होगी तथा काम पूरा होने के बाद सड़क को मरम्मतीकरण कर दोबारा से पहले की तरह रीस्टोर भी कर देंगी। इतना ही नहीं इसके लिए नगर परिषद के पास निर्धारित शुल्क भी जमा करनी होगी।

बताया कि शहर में कई टेलीकॉम कंपनियां, केबल कंपनियां शहर में यत्र तत्र सड़क किनारे खुदाई करके भाग जा रही हैं। ऐसी कंपनियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है, गुमला स्थित उनके कार्यालयों को सील करने के साथ-साथ उन पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा साथ ही मामला दर्ज कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी सरकारी एजेंसियां तथा निजी कंपनियां या निजी विकासकर्ता इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि यदि वे सड़क को काटते हैं तो न केवल नगर परिषद को औपचारिक सूचना देकर अनापत्ति प्राप्त करें बल्कि कार्यस्थल पर इस बात की सूचना भी प्रदर्शित करें कि वह खुदाई का कार्य किसके द्वारा कराया जा रहा है तथा कब तक मरम्मती हो जाएगी ताकि निकाय प्रशासन के साथ-साथ शहर के आम नागरिकों को भी इस बात की जानकारी मिल सके।

## झामुमो का क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह 22 को

**कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चैनपुर प्रखंड झामुमो ने की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** इस वर्ष ईसाई समुदाय के लोग क्रिसमस को लेकर काफी उत्साहित हैं। क्रिसमस गैदरिंग को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 22 दिसंबर गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा चैनपुर के बैनर तले क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनूप मिंज व सचिव निशांत टोप्पो ने बताया कि क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह का आयोजन 22 दिसंबर गुरुवार को चैनपुर के लूथर मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले किया गया है। इस दौरान रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में झॉलीवुड के कई नामी कलाकार शामिल होंगे। जिसमें नितेश कच्छाप विवेक नायक ज्योति साहू बिग एफ.एम .के राज मौर्या मनवीर नायक पवन रॉय सुमन गुप्ता व मनोज सहरी शामिल होंगे।

कार्यक्रम के संरक्षक सह झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज ने बताया कि क्रिसमस गैदरिंग सह मिलन समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गुमला विधायक भूषण तिर्की डीन फादर रजत एक्का पादरी बेलस लकड़ा चैनपुर वीडियो शिशिर कुमार सिंह अनुमंडल पदाधिकारी प्रीति किस्कु के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बजरंग कुमार, रवि टोप्पो, बिट्टू सौर्य टोप्पो, अभिषेक उर्फ लालू नायक, दीपक मुखिया, कमल मुखिया, प्रमुख ओलीभा कांता कुजूर, वाल्टर कुजूर, राहुल कुमार, गब्रीयल कुजूर, फरदीन लकड़ा, रणधीर कुजुर, शकील खान, तबरेज खान, शाहबाज खान, एफरेम टोप्पो, विनय टोप्पो, रश्मि मिंज, प्रकाश लकड़ा, नीलेश एक्का सहित काफी संख्या में यूथ जुटे हुए है।

